








## एक नजर में

### लायंस डॉयनेमिक ने आयोजित किया रक्तदान शिविर




**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय मंदसौर के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। क्लब अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि रक्तदान एक ऐसी सेवा है जो न जाती, धर्म या वर्ग को देखती हैं यह केवल मानवता की पहचान है एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। इस पुनीत अवसर पर डॉ. आकाश चौधरी, रामगोपाल पाटीदार, सोनू जैसवानी का सहयोग रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष उषा चौधरी, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, चित्रा मंडलोई, पुष्पा चेलावत, सुषमा नाहटा, नीलम जेसवानी, चंद्रकांता पौराणिक, सुशीला गोधा आदि उपस्थित थे।

### जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'



**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 127वें एपिसोड का प्रसारण जिले के अधिकांश बूथों पर सुना गया। सांसद सुधीर गुप्ता ने जावरा में, विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने गांधीसागर में, पूर्व विधायक यशपाल सिसोदिया ने सिंदपन स्टेशन पर, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भानपुरा में, तथा नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने वार्ड क्रमांक 5 में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बूढ़ा मंडल के बूथ क्रमांक 160 आंतरी खुर्द में संतों एवं कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' का श्रवण किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ. सुषमा आर्य, मुकेश काला सहित अनेक पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों ने भी अपने-अपने बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना और संगठन ऐप पर फोटो अपलोड किए।

### भानपुरा पुलिस की बड़ी सफलता: धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड रोहित मीणा गिरफ्तार, 21 वाहन जप्त



मंदसौर। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में भानपुरा थाना पुलिस ने अमानत में खयानत और धोखाधड़ी के मामलों में फरार मास्टरमाइंड रोहित मीणा (27), निवासी कुकडेश्वर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी से 10 ट्रैक्टर, 3 ट्रॉली, 3 पिकअप, 2 बोलेरो, 1 स्कॉर्पियो, 1 ऑल्टो कार और 1 पानी टैंकर सहित कुल 21 वाहन जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है। आरोपी सोशल मीडिया पर पवन चक्की और 8 लाइन पर वाहन किराए से लगाने के नाम पर ग्रामीणों को झांसा देकर ट्रैक्टर, पिकअप आदि लेकर फरार हो जाता था। आरोपी की निशानदेही पर सभी वाहन बरामद किए गए। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में उनि जोरसिंह डामोर, सउनि सूर्यपाल मइड़ा, आरक्षक तरुण देवड़ा, नेमाराम जाट, बनवारी राठौर, धनराज गुर्जर एवं चालक लक्ष्मणसिंह पंवार की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस आरोपी से न्यायालय के रिमांड पर पूछताछ कर रही है।

## कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, दशपुर रंगमंच के दीपावली मिलन समारोह में गूंजे गीत

**मंदसौर। दीपोत्सव के अवसर पर दशपुर रंगमंच द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में संगीत और संस्कृति का रंग छा गया। नगर की प्रतिभाशाली गायकों और कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।**



कार्यक्रम की शुरुआत गीत मैं एक राजा हूँ, तू एक रानी है से हुई, जिसे सतीश सोनी ने प्रस्तुत कर माहौल को सुरमय बना दिया। आरक्षक नरेंद्र सागौरे ने चाहूंगा मैं तुझे सांझ-सवेरे गीत गाकर तालियां बटोरीं। हिमांशु वर्मा ने तेरा साथ है कितना प्यारा और दिव्यांश वर्मा ने कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना गीत से कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी।

आकांक्षा त्यागी ने मधुर स्वर में अब तो है तुमसे हर खुशी अपनी गाया, वहीं सिमरन बेलानी ने जोश भरे अंदाज में दम मारो दम मिट जाए गम गीत प्रस्तुत किया। दीपोत्सव की भावना को अनुराधा त्यागी ने गीत ज्योत से ज्योत जगाते चलो से जीवंत किया।

इसके अलावा लोकेन्द्र पाण्डेय ने प्यार मांगा है तुम्हीं से, मीना जैन ने अजीब दास्तां है ये और आबिद भाई ने आज की रात मेरे दिल की सलामी ले ले गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में तन्मय हांडा, लितेश हाडा, नीलेश नागायच, तरंग शुक्ला, स्वाति रिछावरा और श्याम गुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समारोह में चार चांद लगाए।

समारोह में पूर्व मंत्री नरेन्द्र नाहटा, सुषमा नाहटा और डॉ. ज्योति शुक्ला सहित अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्थानीय कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शन का अवसर प्रदान करते हैं और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम का संचालन दशपुर रंगमंच के अध्यक्ष अभय मेहता ने किया तथा आभार ललिता मेहता ने व्यक्त किया।

## हमारा अति सहिष्णुभाव ही हमारे संकटों का कारण बना : इंजीनियर दिलीप जोशी

**मन्दसौर।** एक समय हमारा भारतवर्ष विश्व गुरु था साथ ही आर्थिक व सामरिक रूप से सम्पन्न होकर सोने की चिड़िया कहलाता था लेकिन कालान्तर में हमारी अति सहृदयता एवम् शत्रु बोध का अभाव हमारा शत्रु बन गया, हम गुलाम हो गए ।जिसकी भरी क्षति राष्ट्र और सनातन धर्म दोनों को उठानी पड़ी ।

उक्त विचार इंजी. दिलीपकुमार जोशी ने व्यक्त किए । वे बड़ी होली, किला रोड स्थित प्राचीन श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर पर राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद के संयुक्त आयोजन में शत्रु बोध का अभाव एवं हमारा संकट विषय पर अपने विचार रख रहे थे । परिचर्चा में अपने विचार रखते हुए समाजसेवी डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने कहा कि राष्ट्र, समाज हो या परिवार, संकट का सही निवारण तभी हो सकता है जब हमें उसके कारणों का ज्ञान हो अर्थात हमें हमारे शत्रु का बोध होना अति आवश्यक है ।जिस प्रकार से एक डॉक्टर हमारे शरीर में कोई रोग होने पर उसका कारण जानने के बाद ही उसका सही उपचार कर पाता हैं ।लेकिन हमारे अति सहिष्णु भाव ने हमारी समस्याओं को बार बार अनदेखा किया और यही हमारे संकटों का कारण बन गया किंतु अब हमें जागना ही होगा ।

परिचर्चा को विस्तार देते हुए इंजी. सुनीलकुमार व्यास ने कहा कि उदारता, दया, करुणा, प्रेम आदि अच्छे विचार हैं और यही हमारा सनातन धर्म हमें सिखाता भी है किंतु यह भी शाश्वत सत्य है कि यदि कबूतर बिल्ली को सामने देखकर अपनी आँखें बंद कर लेता है तो भी वह सुरक्षित नहीं बचता है । इसका सीधा - सा तात्पर्य यह है कि यदि हमें सुरक्षित रहते हुए विकास करना है तो हमें हमारे शत्रुओं का, हमारी कमजोरियों का व हमारी बुरी आदतें का ज्ञान होना अति आवश्यक है ।

इस अवसर पर सुरेशकुमार सावरा ने कहा कि हमारा सनातन धर्म हमें यह स्पष्ट रूप से बताता है कि जो धर्म के साथ है उसका साथ दो एवम् जो अधर्म के साथ है उसे तिरस्कृत करो ।यही शत्रुबोध का सिद्धांत कहता है ।यदि हमें विकसित राष्ट्र बनना है । महाशक्ति बनना है तो हमें सबसे पहले शत्रुबोध होना सबसे आवश्यक है ।शत्रु चाहे देश के अन्दर हो या देश के बाहर, उन्हें पहचानना अति आवश्यक है।

## गरोठ में 6 नवंबर को रॉयल्स क्लब के तत्वावधान में भव्य भजन संध्या



**गरोठ।** नगर के नविन बस स्टैंड पर 6 नवंबर को रॉयल्स क्लब के तत्वाधान में स्वर्गीय मिट्ठूसिंह राजपुरोहित की स्मृति में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम की तैयारियां रॉयल्स क्लब के सभी सदस्यों द्वारा जोर-शोर से की जा रही हैं। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप के वंशज एवं मेवाड़ राजघराने के उत्तराधिकारी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को भजन संध्या में आमंत्रित करने हेतु विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान, क्लब अध्यक्ष श्याम बबलू मंडलोई, अर्पण फरक्या, तरुण व्यास, पवन जैन, अंशुल चिटनिस, जगदीश डपकरा आदि सदस्यों ने उदयपुर पहुंचकर उन्हें आमंत्रण दिया। रॉयल्स क्लब ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का आनंद लेने की अपील की है।

## मंदसौर से शुरू हुई ग्रीन फ्लेम क्रांति, युवा केशव बैरागी ने दिया कार्बन न्यूट्रल कुकिंग का मॉडल

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के सहयोग से मंदसौर जिले के ग्राम करजू के युवा केशव बैरागी ने वैष्णव ग्रीन फ्लेम रिवॉल्यूशन अभियान की शुरुआत की है, जो देश की रसोई को एलपीजी मुक्त बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई राह दिखा रहा है।

केशव ने 9.50 लाख रुपये के लोन से कृषि अवशेषों से बने बायो-कोल पैलेट्स पर आधारित चूल्हों का निर्माण शुरू किया। आज उनकी तकनीक से 1000 से अधिक परिवार और 100 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठान एलपीजी की जगह लगभग 50% कम खर्च में खाना पका रहे हैं। इस ग्रीन फ्लेम क्रांति का उद्देश्य है — कार्बन-न्यूट्रल कुकिंग, ग्रामीण सशक्तिकरण और आयात पर रोक। इससे किसानों को खेतों के अवशेष बेचने, महिलाओं को पैलेट सप्लाई में और युवाओं को वितरण नेटवर्क में रोजगार मिल रहा है। मंदसौर को इस मॉडल से हर साल लगभग 1 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड की बचत और 60 से 90 करोड़ रुपये तक की संभावित आय होगी।

## आचार्य प्रशमेशप्रभ ने धर्मसभा में कहा- ज्ञान के बिना पशु जैसा होता है मनुष्य जीवन

**नीमच। मनुष्य जीवन में पशुता मिटाने के लिए ज्ञान अर्जन करने का श्रेष्ठ दिन ज्ञान पंचमी होता है। ज्ञान पंचमी की आराधना करने वाला ज्ञानी कभी भूखा नहीं रहता है। ज्ञानी व्यक्ति को कभी दु:ख परेशान नहीं करता है इसलिए इस ज्ञान पंचमी को सौभाग्य पंचमी भी कहा जाता है। आज के दिन लाभ बहुत प्राप्त होता है इसलिए लाभ पंचमी भी बोलते हैं।**



वरदत और गुण मंजरी ने पूर्व जन्म में पुस्तक जलाई थी, ज्ञान की असातना की थी इसलिए रोगी बने, गूंगे बने ,बहरे बने इस जन्म में वापस ज्ञान की आराधना करने से राजा रानी बने और मोक्ष को प्राप्त कर हुए थे ।ज्ञान से विवेक की प्राप्ति होती है ज्ञान वाला इंसान कभी भट्कता नहीं है और बिना भटके लक्ष्य और मंजिल पर शीघ्र और सरलता से पहुंच जाता है। ज्ञान के बिना मनुष्य जीवन पशु जैसा होता है।

यह बात आचार्य श्री विजय प्रशमेश प्रभ सुरीश्वर जी मसा ने कही।वे श्री जैन श्वेतांबर भीड़ भंजन पार्श्वनाथ मंदिर मंडल के तत्वाधान में चातुर्मास के उपलक्ष्य में मिडिल स्कूल मैदान स्थित जैन भवन में आयोजित धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां वास्तव में आवश्यकता हो वही दान देना चाहिए। जिन शासन धर्म शास्त्रों के अनुसार जहां धर्म क्षेत्र में कुछ भी नहीं है ।जहां आवश्यकता है उसी स्थान पर दान देना चाहिए आवश्यकता अनुसार दान दिया तो वह सर्वश्रेष्ठ पुण्यदान कहलाता है। आराधना कर असातना के कारणों को दूर करना होगा ।धर्म साधना करने वाला अधर्म से दूर रहे तभी धर्म साधना सार्थक होती है धर्म साधना में कहा था याद कर ली तो ज्ञान पंचमी सार्थक होगी ज्ञान का ज्ञान की आराधना 24 घंटे 12 महीने करना चाहिए तभी ज्ञान पंचमी मनाना सार्थक होगा। स्त्री सौभाग्यवती है जिनके पति जीवित आधार है पत्नी का आधार पति होता है। ज्ञान की प्राप्ति करने वाला मोक्ष जाता है इसलिए सौभाग्यशाली होता है ।ज्ञान का फल वीरती है विरती का फल मुक्ति होता है ज्ञान का फल भी मोक्ष होता है। जिस प्रकार रोग को दूर करने के लिए ऑपरेशन दर्द को दूर करने का कारण है ऑपरेशन से रोग मिट जाता है इसलिए ऑपरेशन रोग मिटाने वाला है इसलिए ऑपरेशन अच्छा कहलाता है ।

## पोरवाल समाज ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

- **श्री 1008 रामदयाल जी महाराज ने दिए प्रेरणादायी प्रवचन, कहा- अन्न परमात्मा का स्वरूप है**

**नीमच।** पोरवाल समाज समिति, नीमच द्वारा रविवार 26 अक्टूबर को अग्रोहा भवन में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में श्री 1008 रामदयाल जी महाराज साहब का पधारना हुआ, जिनका स्वागत समाजजनों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयकारों के साथ किया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में महाराज श्री ने कहा, अन्न परमात्मा का स्वरूप है। उसे व्यर्थ फेंकना भगवान का अपमान है। हमें उतना ही प्रसाद लेना चाहिए जितना हम खा सकें, और भोजन के साथ भजन भी आवश्यक है, क्योंकि भक्ति के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि संत ज्ञान की सर्वोच्च अवस्था का नाम है। महाराज श्री के मुखारविंद से प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दीपावली मिलन समारोह में महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों के खेलकूद और युवाओं के लिए कपल गेम्स आयोजित किए गए। पोरवाल महिला मंडल की सदस्यों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, मुकेश पोरवाल, घनश्याम पोरवाल, बंसीलाल धनोतिया, शांतिलाल पोरवाल, प्रकाश मंडवारिया, प्रेम नारायण गुप्ता, ललिता मंडवारिया, सुमित्रा पोरवाल, सुनीता डबकरा, सरिता पोरवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मनमर्जी की नम्बर प्लेट लगाकर उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जियां

**नीमच।** शहर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वाहन चालक न हेलमेट लगा रहे, न सीट बेल्ट लगा रहे। रॉन्ग साइड चलने वालों की भी कमी नहीं है। इसके अलावा रौब दिखाने के लिए वाहनों की नम्बर प्लेट में छेड़छाड़ कर वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। शहर की सड़कों पर स्टाइलिश नंबर प्लेट वाली गाडियां सरपट दौड़ रही हैं। नंबर प्लेट के साथ नए-नए प्रयोग करने वालों की तादाद खूब है। वाहन को अलग दिखाने की चाहत में नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की जा रही है। चालक अपने मुताबिक आकार और प्रकार में नंबर प्लेट बनवा रहे हैं। गाड़ी के नंबर को कुछ इस तरह से लिखवाते हैं कि उसके मायने बदल जाते हैं। उदाहरण के लिए 8055 नम्बर बॉस जैसा, किंग तथा 4141 पापा लिखा जैसा नजर आता है। ऐसी नंबर प्लेट देखकर अक्सर लोग भ्रमित होते हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के लोग ऐसे भ्रमित कर फायदा उठाते हैं, जबकि वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना जरूरी है। पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जाती।

यह है मापदण्ड : प्रत्येक वाहन के उपयोग व उपभोग के अनुसार उसकी नम्बर प्लेट पर नम्बर की साइज तय है। इसमें बाइक के लिए नम्बर की लम्बाई 30 एमएम जबकि चौड़ाई पांच एमएम तथा अक्षर के मध्य 2.5 एमएम खाली जगह होनी चाहिए। वाहन की क्षमता बढने् के साथ नम्बर की साइज भी बढने् लगती है। वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाए जाने का कानून प्रभाव में है। अन्य नम्बर प्लेट लगाना नियम विरुद्ध है। मोटर यान कानून का मुख्य उद्देश्य यही है कि वाहन सवार व्यक्ति एवं रोड का उपयोग व उपभोग कर रहा व्यक्ति दोनों ही सुरक्षित रहें। आपराधिक तत्व वाहन की वास्तविक पहचान छिपाने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट का सहारा लेने के अनेक प्रकरण सामने आ चुके हैं। इसलिए वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ही होनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति वाहन पर अन्य नम्बर प्लेट लगाता है या उस पर छोटे-बड़े नम्बर व नाम आदि लिखवाता है तो कानून की अवहेलना है। मनमर्जी की नम्बर प्लेट व नम्बर लिखवाने पर पांच हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है।

### कार्रवाई के अभाव में हवा हो रहे यातायात नियम

दो पहिया, चार पहिया वाहन की नंबर प्लेट यातायात नियमों के मुताबिक कैसी होना चाहिए, यह नियम जानने और न जानने वाले सभी लोग रौब दिखाने और फैशन के लिए अपनी अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। रसूखदार अपने पद का नाम और संस्था का नाम लिखकर यातायात के नियमों की परवाह नहीं करते।

## एक नजर

### ग्रामीण प्रतिभा प्रोत्साहन मंच मध्यप्रदेश द्वारा श्री आईजी माताजी मंदिर अल्हेड़ में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

## ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं का असीम भंडार है - श्रीवास्तव

**मनासा । ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं का असीम भंडार है, केवल उन्हें उचित मंच देने की आवश्यकता है। ग्रामीण प्रतिभा प्रोत्साहन मंच मध्यप्रदेश संस्था द्वारा आयोजित रांगोली प्रतियोगिता इस दिशा में एक सराहनीय पहल है। यह बात ग्राम पंचायत अल्हेड़ के सरपंच आनंद श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि कही।**



श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को साकार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। मंच द्वारा इस तरह के आयोजन से बच्चों में सृजनशीलता व आत्मविश्वास का विकास होता है।

कार्यक्रम में मंच के चेयरमैन दिलीप पाटीदार (जावी) ने कहा कि हार और जीत जीवन के दो पहलू हैं। असफलता से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना ही सफलता की पहली सीढ़ी है ।इस अवसर पर मंच के जिला सह-संयोजक सदाशिव सेन, जिला पंचायत सदस्य श्यामलाल वसीटा, समाजसेवी डॉ. लोकेश शर्मा, एवं युवा समाजसेवी महावीर वीरवाल मंचासीन रहे। विजेता प्रतिभागियों को मिला सम्मान,रांगोली प्रतियोगिता दो स्तरों में आयोजित की गई।

**प्रथम स्तर में** — पूजा कुमावत, एंजल चौहान, लाक्षिता चंदेल, साधना कुमावत, वैदिका पाटीदार

**द्वितीय स्तर में** — टीना चौहान, संतोष कुमावत, रीना पाटीदार ,माया चौहान, जिया चौहान

सभी विजेताओं को मंच की ओर से नकद राशि एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। अन्य सभी प्रतिभागियों को ग्राम सरपंच आनंद श्रीवास्तव ने नकद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजन में कुशाल मालवीय, टीना चौहान, एवं रीना पाटीदार का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन एवं आभार प्रदर्शन सदाशिव सेन ने किया।